Coverage Report: TCS IT Wiz – National Finals

Publication: Dainik Bhaskar

Date: 18/12/2015

Edition: Jamshedpur

Page No: 3

Headline: R. V. wins TCS IT Wiz National Finals

मुंबई में आयोजित फाइनल मुकाबले में देश भर की 8 टीमों के बीच हुआ कड़ा मुकाबला

आरवी बना टीसीएस आईटी क्विज का नेशनल चैंपियन

DB स्टार जमशेदपुर

देश के सबसे बड़े आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज-2015 का नेशनल चैम्पियन राजेन्द्र विद्यालय (आरवी) जमशेदपुर रहा है। गत 12 दिसंबर को मुंबई में आयोजित क्विज के नेशनल फाइनल में आरवी की टीम विजेता बनीं। दूसरे स्थान पर पांडिचेरी की सेंट पैट्रिक मैट्रिक स्कूल की टीम रहीं। आरवी टीम में शदान कलाम और अदनान अजमत शामिल थे। फाइनल में आरवी जमशेदपुर के अलावा रुक्मिणी पब्लिक स्कूल दिल्ली, द एमेराल्ड हाइट्स इंदौर, आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ, आरएन पोद्दार स्कूल मुंबई, सेंट पेट्रिक मैट्रिक स्कूल पांडिचेरी, नवरचना स्कूल वड़ोदरा और चैतन्य जूनियर खालसा हैदराबाद की टीमें शामिल थी।

मंच पर मौजूद विजेता व अतिथि।

विजेता टीम को मिला गोल्ड मेडल और एप्पल वाच

विजेता रही आरवी की टीम को गोल्ड मेडल और एप्पल वाच मिला। इसके अलावा आईफोन, टैबलेट, मोबाइल चार्जर और स्काइप फोन भी पुरस्कार के रूप में मिले।

टीसीएस के एमडी से मिलने का मौका मिला

सभी फाइनलिस्ट को टीसीएस के एमडी और सीईओ एन चन्द्रशेखरन से मिलने का मौका मिला। क्विज का संचालन पिकब्रेन के नाम से मशहूर क्विज मास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम ने किया। चन्द्रशेखरन ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विद्यार्थियों का स्पिरिट देखने का मौका मिला।